>

Title : Need to start construction of Road Over Bridge on level crossing numbers 50, 31 and 22 at Bagha, Ramnagar and Narkatiyaganj respectively in Bihar.

**श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर):** मैंने अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तीन अति महत्वपूर्ण ऊपरगामी पुल निर्माण के लिए अतारांकित प्रश्न 541 दिनांक 24.2.2012 के माध्यम से लोक सभा में प्रश्न उठाया जो इस प्रकार है - 1. समपार सं. 50 बगहा 2. समपार सं. 31 रामनगर एवं समपार सं. 22 नरकटियागंज स्पेशल । समपार सं. 50 बगहा एन.एच. 28 पर पड़ता है । इसके लिए राÂट्रीय राजमार्ग मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुकी है । समपार संख्या 31 एवं 22 के निर्माण के लिए बिहार सरकार नवम्बर/िदसम्बर, 2010 में ही अनुमोदित कर चुकी है । प्रश्न के उत्तर में माननीय रेल राज्य मंत्री श्री के.एच. मुनियप्पा जी ने मार्च, 2013 तक कार्य पूर्ण होने की संभावना व्यक्त की है । जबकि कार्यस्थल पर मात्र मिट्टी की जांच हो पाई है । कैसे समझा जाए कि उक्त वÂ◌ाऩ में कार्य हो पाएंगे । तीनों पुलों के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है । इसकी जानकारी भी नहीं है ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से जनहित में मांग करता हूं कि कार्य शीघ्र शुरू किया जाए ताकि निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण हो सकें ।